Seventeenth Loksabha

an>

Ttile: Regarding law and order situation prevailing in the country, particularly in Uttar Pradesh

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके जरिए इस ऐवान व हुकूमत से कहना चाहता हूं कि इस मुल्क की जो कानून व्यवस्था है, खास तौर से मैं उत्तर प्रदेश और जौनपुर संसदीय क्षेत्र की बात करना चाहता हूं, जहां से मैं बहुजन समाज पार्टी के सदस्य के रूप में आया हूं । एक जमाना था, जब बहन मायावती जी उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री होती थी और हर गुंडा, बदमाश तथा माफिया उनके नाम से थर-थर कांपते थे और बिना कहे हुए, प्रदेश छोड़कर भाग जाते थे ।…(व्यवधान) इस समय एक जमाना है, आज कानून की व्यवस्था इतनी खराब हो रही है कि चुनाव के बाद दलितों-पिछड़ों को चुन-चुन तथा घेर-घेर कर मारा जा रहा है ।…(व्यवधान) वहां का जो पुलिस व प्रशासन है, वह कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है ।…(व्यवधान) और तो और एक नया ट्रेंड निकला है कि जिसको मारा जाता है, उसको थाने में बैठाकर तब तक रखा जाता है, …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, यह राज्य का विषय है ।

श्री प्रदीप कुमार चौधरी जी ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री प्रदीप कुमार चौधरी जी की बात अंकित हो ।

…(व्यवधान) … *

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक जनहित से जुड़े विषय पर अपनी बात रखने का अवसर दिया ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप एक मिनट रुकिए । माननीय मंत्री जी इन्टर्वीन करना चाहते हैं ।

…(व्यवधान)

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): सर, आपने सभी सदस्यों को अवसर दिया है, यह आपने इतिहास क्रिएट किया है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज एक मिनट रुकिए । माननीय मंत्री जी बोल रहे हैं ।

…(व्यवधान)

श्री रवि शंकर प्रसाद : सर, एक बात का ध्यान रखना बड़ा आवश्यक है । अगर प्रदेश की विधि-व्यवस्था का सवाल है, यदि हम एक प्रदेश की बात उठा लेंगे, तो फिर सभी प्रदेशों की बात उठेगी, इसलिए हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए ।र

माननीय अध्यक्ष: ऐसा नहीं होगा । मैं पहले ही इसकी व्यवस्था दे चुका हूं ।

…(व्यवधान)